प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–अगर सहमति नहीं बनी तो सरकार जनहित में एस.जे.वी.एन. से वापस लेगी चार पनविद्युत परियोजनाएं।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–राहुल गांधी की बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण।
- शिमला, मंडी व कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश में राहत व बचाव अभियान जारी–आज 5 शव और मिले।
- मौसम विभाग का प्रदेश के पांच जिलों में आज और कल भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट–प्रशासन ने जारी की चेतावनी।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगर तय रॉयल्टी के आधार पर प्रदेश सरकार और सतलुज जल विद्युत निगम के बीच सहमति नहीं बनी तो प्रदेश सरकार जनहित में एसजेवीएन से सुन्नी, लुहरी और धौलासिद्ध परियोजनाएं अपने अधिग्रहण में ले लेगी। मुख्यमंत्री आज शिमला में उनसे मिलने आए सुन्नी, लुहरी पनविद्युत परियोजना के प्रभावितों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रभावित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर पनविद्युत परियोजनाओं में प्रदेश को मिलने वाली रॉयल्टी को कम करने और प्रदेश के हितों का ध्यान नहीं रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में ऊर्जा नीति में बदलाव करेगी। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि मॉनसून से प्रदेश को अभी तक 9 सौ करोड़ रूपए का नुकसान हो चुका है और 30 से अधिक लोग लापता है। उन्होंने कहा कि केंद्र से अभी तक प्रदेश को कोई मदद नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी के बिल वसूले जाने के सरकार के फैसले का बचाव करते हुए करते हुए कहा कि इस पैसे को पानी की गुणवत्ता पर खर्च किया जाएगा।

अनुराग सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर कांग्रेस पार्टी खासकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज लोकसभा में बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी की बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ घटा वह चिंतनीय है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया से वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है, लेकिन न तो राहुल गांधी और न ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की कोई बात की है। उन्होंने इसे कांग्रेस के दोहरे मापदंड करार दिया।

हर घर तिरंगा

देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से आरम्भ हुआ जो 15 अगस्त तक चलेगा।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया है कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और 13 अगस्त

को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाईक रैली निकालेंगे। उन्हों्ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वर्ष 2022 में शुरू किया गया था।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार प्रदेशवासियों को मिल रहे हक छीनना चाहती है जो शर्मनाक है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि जिन सुविधाओं को सुक्खू सरकार छीनने का काम कर रही है, विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने उन्ही सुविधाओं की गारंटियां प्रदेशवासियों को दी थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद अब सरकार इसके विपरित काम कर रही है। उन्होंने सरकार के इस रवैये को प्रदेशवासियों के साथ धोखा करार दिया। जयराम ठाकुर ने सरकार को कोई भी फैसला लेते समय मानवीय पहलुओं को अनदेखा न करने की सलाह दी। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार जनविरोधी फैसलों से बाज आए।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला और आस–पास के ग्रामीण क्षेत्र में एक सौ 87 हैक्टेयर जमीन पर 81 हजार 8 सौ पौधे रोपित किए जाएंगे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्थानीय लोगों विशेषकर पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और महिला व युवकमंडल के सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शामलाघाट में वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर बेहड़ा का पौधा भी रोपित किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर स्वाबलम्बन योजना को बंद करने और स्टार्ट–अप योजना के बारे में भ्रामक बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार ने न केवल भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को आगे बढ़ाया है बल्कि कई नवीनयोजनाएं भी शुरू की है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इसके लिए युवाओं को प्रोत्साहन, रियायतें और सब्सिडी दी जा रही है।

खोज अभियान

शिमला, मंडी और कुल्लू ज़िला में 31 जुलाई की रात को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में लापता लोगों की तलाश के लिए राहत व बचाव अभियान लगातार जारी है। इस अभियान में आज 5 और शव मिले हैं। इनमें से चार शव आज सुन्नी डैम के नजदीक डोगरी नामक स्थान पर मिले। इनमें दो महिला और दो शव पुरूष के हैं। रामपुर के नोगली में भी बचाव अभियान में लगे लोगों को एक महिला का शव मिला है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। नोगली में मिले शव की पहचान कल्पना कुमारी के रूप में हुई है जबकि शेष चार शवों को अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस त्रासदी में लापता लोगों में से अभी तक 27 के शव बरामद किए गए हैं जबकि लगभग 28 लोग अभी भी लापता हैं। इनमें से 15 शव शिमला जिला में जबकि मंडी में 9 और कुल्लू में चार शव बरामद किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो रही है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान जोगिंद्र नगर में सर्वाधिक एक सौ 60 मिलीमीटर, धर्मशाला और कटौला में एक सौ 12, भराड़ी में 98, कंडाघाट में 80, पालमपुर में 78, पंडोह में 76 और कुफरी में 71 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आज सुबह से ही राज्य के

अधिकांश स्थानों पर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के पांच ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज ऊना, कांगड़ा और सिरमौर जबकि 10 अगस्त को ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अन्य ज़िलों में 11 अगस्त तक भारी वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने आज से कल सुबह साढ़े 11 बजे तक प्रदेश के 6 ज़िलों चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, मंडी, सिरमौर और शिमला में कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आने का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के स्थानीय निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार राज्य में आज से मॉनसून की वर्षा में तेजी आएगी जो अगले दो दिनों तक जारी रहेगी।

फ्लशिंग

नाथपा झांकड़ी होइड्रो पावर स्टेशन रामपुर के उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा 11 अगस्त को रात्री 12 बजे से अगले दिन सांय चार बजे तक एक हजार मेगावाट क्षमता वाली कड़छम वांगतू और 3 सौ मेगावाट की बसपा पनविद्युत परियोजना की फ्लशिंग की जाएगी। शिमला की एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने कहा कि इस दौनान नाथपा बांध से एक हजार क्यूमेक से 15 सौ क्यूमेक तक पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने इस दौरान लोगों से नदी से दूर रहने का अपील की है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार हिमाचल में इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। श्रीनिवास वर्मा ने राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में कहा कि हिमाचल में 28 इस्पात संयंत्र कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक सुविधा प्रदाता के रूप में इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कारगर उपाय किए हैं। सिकंदर कुमार ने प्रदेश में रेलवे, क्रासिंग का मुद्दा उठाया जिस पर रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव ने कहा कि हिमाचल में 2019 से किसी भी रेलवे क्रासिंग पर कोई दुर्घटना नहीं हुई है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीयत जनविरोधी है। बिंदल ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि चुनाव आते ही सरकार का खजाना भर जाता है लेकिन चुनाव खत्म होते ही सरकार लोगों पर टैक्स लगाना शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बिजली, पानी, डीजल और अन्य चीजों पर टैक्स में भारी वृद्धि कर दी है और राज्य पर कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद सरकार लगातार संस्थान बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अभी तक 30 हजार करोड़ रूपए का कर्ज ले चुकी है लेकिन प्रदेश का विकास शुन्य है। बिंदल ने प्रदेश सरकार पर महंगाई को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने में लगे हैं।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–अगर सहमति नहीं बनी तो सरकार जनहित में एस.जे. वी.एन. से वापस लेगी चार पनविद्युत परियोजनाएं।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–राहुल गांधी की बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण।
- शिमला, मंडी व कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश में राहत व बचाव अभियान जारी–आज 5 शव और मिले।
- मौसम विभाग का प्रदेश के पांच जिलों में आज और कल भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट–प्रशासन ने जारी की चेतावनी।